दिनांक : 28.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेंदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिगमे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

## ई–मंडी

मध्यप्रदेश में ई–मंडी योजना का विस्तार राज्य की अन्य मंडियों में भी किया जा रहा है। यह योजना एक जनवरी से 41 और मंडियों में लागू की जा रही है। मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ई–मंडी योजना पहले से ही 42 मंडियों में लागू है। सरकार ने अगले साल अप्रैल तक सभी 259 मंडियों को ई–मंडी में बदलने का लक्ष्य रखा है।

## विज्ञान एवं नवाचार

राजधानी भोपाल में ग्यारहवां विज्ञान मेला चल रहा है। इस मेले में पूरे प्रदेषभर के विज्ञान एवं तकनीकी विषय के 150 मॉडल आए हैं। विद्यार्थियों द्वारा नवाचार को प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर है विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव प्रवीण रामदास ने कहा कि विज्ञान और समाज के बीच सेतु निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और अन्य महान वैज्ञानिकों के योगदान को हमेशा याद रखते हुए देश हित में विज्ञान से विकास के बारे में कार्य करना चाहिए। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेषक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि विज्ञान को मातृभाषा में समझाना आवश्यक है। छात्रों को मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वैज्ञानिक विकास शेंडे ने कहा कि मेले में वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं, जो नवाचार और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह मेला 30 दिसंबर तक जंबूरी मैदान में लगाया गया है।

भूमाफिया 1 करोड़

गुना जिले के ग्राम बजरंगगढ़ में प्रशासन ने भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। प्रषासन ने 1 करोड़ रुपए से अधिक की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कार्यवाही आरोन रोड पर स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ की गई। बताया जाता है कि चंद्रप्रकाश भट्ट, गौरव भट्ट और अन्य व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से ढाबा बनाकर और फसल बोकर कब्जा किया गया था। इस मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्यवाही की योजना बनाई और निर्माण ध्वस्त कर दिया।

मौसम

मध्यप्रदेष के मौसम का मिजाज आज अचानक बदल गया। भोपाल सहित प्रदेष के कई जिलों में झमाझम बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेष के कई जिलों में तूफान के साथ ओलावृष्टि की आषंका जताई है। गुना, कटनी, संवाददाता द्वारा बताया गया है कि इस बारिष के कारण किसानों को वरदान मिला है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल ने बताया कि गेहूं सहित अन्य रबी की फसलों के लिए पानी की यह बूंदें अमृत के समान हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जहां–जहां अच्छी बारिष हुई है, वहां के किसान भाई यूरिया का नियंत्रित छिड़काव कर सकते हैं। मौसम विभाग ने आज दिनभर और कल के लिए भी कई जिलों में भारी बारिष और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। जलबपुर में भी बारिष हुई है। पूरे दिन बारिश, तेज हवा चलने और बिजलीं गिरने की आशंका भी है।

क्रिकेट बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

मेलबर्न में ऑस्ट्रेसलिया के साथ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक भारत ने पहली पारी में 9 विकेट पर 358 रन बनाए। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से अभी 116 रन पीछे है। भारतीय बल्लेबाज नितीश कुमार रेड्डी ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया।

संक्षिप्त समाचार

– नर्मदापुरम जिले में आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है। इसके बाद विभाग ने 59 लाख 85 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब नष्ट की है।

– बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण को रोकने के लिए मध्यप्रदेष सरकार ने जनता की सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। इसकी षिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 जारी किया गया है।

........................